RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-पाठशाला कार्यक्रम

CLASS 10th SST

राजनीति विज्ञान

सत्ता के साझेदार

RAPID REVISION



सत्ता की साझेदारी

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. सरकार के विभिन्न अंगों में सत्ता का बंटवारा कहलाता है-

(अ) सत्ता का क्षैतिज वितरण

(ब) सत्ता का उर्ध्वाधर वितरण

(स) सत्ता का विभिन्न समूहों के मध्य वितरण

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

सत्ता की साझेदारी

2. यूरोपीय संघ का मुख्यालय कहाँ स्थित है?



अ लंदन

ब पेरिस

स ब्रुसेल्स

द जिनेवा

राजधानी

★ बेल्जियम

सत्ता की साझेदारी

3. श्रीलंका को स्वतंत्रता प्राप्त हुई -



अ 1947 में

ब 1948 में → 4 Feb

स 1950 में

द 1956 में

सत्ता की साझेदारी

4. श्रीलंका की आबादी में सबसे बड़ा हिस्सा किस प्रमुख सामाजिक समूह का है?

(अ) सिंहली
(ब) भारतीय तमिल
(स) श्रीलंकाई तमिल
(द) ईसाई

सत्ता की साझेदारी

5. बेल्जियम में डच भाषी क्षेत्र है-

अ बेलोन

ब ब्रुसेल्स

स फ्लेमिश

द उपर्युक्त सभी



सत्ता की साझेदारी


6. बेल्जियम में केन्द्र और राज्य सरकार के अलावा तीसरे स्तर की सरकार होती है-

(अ) पंचायती राज

(ब) नगरीय सरकार

(स) अल्पमत सरकार

(द) सामुदायिक सरकार



सत्ता की साझेदारी

7. श्रीलंका में सिंहली भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया-

अ 1948

ब 1956

स 1968

द 1976

सत्ता की साझेदारी

8. निम्न में से किस देश ने 1970 से 1993 के मध्य अपने संविधान में चार संशोधन किए?



अ श्रीलंका

ब नेपाल

स भारत

द बेल्जियम

सत्ता की साझेदारी

9. लोकतांत्रिक देशों में देश में एकता तभी संभव है जब-

(अ) बहुसंख्यक समुदाय अल्पसंख्यकों पर प्रभुत्व कायम करता है।

(ब) बहुसंख्यक समुदाय अल्पसंख्यकों को सत्ता में हिस्सेदार न बनाएं।

(स) सभी समुदायों व क्षेत्रों की भावना का आदर किया जाये।

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

सत्ता की साझेदारी

10. निम्न में से किस देश के साथ बेल्जियम की सीमाएं नहीं लगती है-

अ ब्रिटेन

ब नीदरलैंड्स

स फ्रांस

द जर्मनी

सत्ता की साझेदारी

11. किस देश में सत्ता का बंटवारा सामाजिक समूहों में होने पर सामुदायिक सरकार दिखाई देती है?

अ श्रीलंका

ब ब्रिटेन

स बेल्जियम

द भारत

सत्ता की साझेदारी

12. किस देश में दो समुदायों के बीच पारस्परिक अविश्वास ने बड़े टकराव का रूप ले लिया-

(अ) श्रीलंका


(ब) बेल्जियम

(स) ब्रिटेन

(द) भारत

सत्ता की साझेदारी

13. बेल्जियम निम्न में से किस महाद्वीप का देश है?



अ यूरोप

ब एशिया

स उत्तरी अमेरिका

द आस्ट्रेलिया

सत्ता की साझेदारी

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. सरकार के विभिन्न अंगों के नाम लिखिए।

सत्ता की साझेदारी

उत्तर : (1) विधायिका

(2) कार्यपालिका

(3) न्यायपालिका



सत्ता की साझेदारी

2. किस देश की सामुदायिक सरकार सत्ता के बंटवारे का अच्छा उदाहरण है।

सत्ता की साझेदारी

उत्तर : बेल्जियम



सत्ता की साझेदारी

3. सत्ता का ऊर्ध्वाधर वितरण क्या है?



सत्ता की साझेदारी

केंद्र / संघ सरकार
राज्य सरकारें
सामुदायिक


उत्तर : उच्चतर एवं निम्नतर स्तर की सरकारों के मध्य सत्ता का विभाजन सत्ता का ऊर्ध्वाधर वितरण कहलाता है।

सत्ता की साझेदारी

4. बेल्जियम की सामुदायिक सरकार और श्रीलंका की बहुसंख्यकवादी सरकार में अंतर स्पष्ट कीजिए।

सत्ता की साझेदारी

उत्तर :



बेल्जियम: सभी भाषाई समुदायों को सत्ता में भागीदारी दी गई।

श्रीलंका: सिंहली बहुसंख्यक समुदाय को प्राथमिकता दी गई और तमिल अल्पसंख्यकों की उपेक्षा हुई।

सत्ता की साझेदारी

5. नियंत्रण और संतुलन की व्यवस्था किसे कहते है?



सत्ता की साझेदारी

उत्तर : वह व्यवस्था जिसमें सरकार का प्रत्येक अंग एक दूसरे को नियंत्रित करता है। जिससे सत्ता का संतुलन स्थापित बना रहता है।

सत्ता की साझेदारी

6. लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है?



सत्ता की साझेदारी

उत्तर : सत्ता की साझेदारी संघर्ष की संभावनाओं को कम करता है तथा प्रजातान्त्रिक भावनाओं के अनुकूल है।



सत्ता की साझेदारी

7. बहुसंख्यकवाद कायम करने के लिए श्रीलंका सरकार द्वारा उठाये गये एक कदम का उल्लेख कीजिए।

सत्ता की साझेदारी

उत्तर : 1956 में सिंहली को एकमात्र राजभाषा घोषित करना।



सत्ता की साझेदारी

8. 1950 और 1960 के दशकों के बीच ब्रुसेल्स में दो समुदायों के बीच प्रखर समस्या क्या थी।

सत्ता की साझेदारी

उत्तर : भाषाई विविधता




सत्ता की साझेदारी

9. बेल्जियम में कौन सी भाषा बोलने वाले लोग समृद्ध व ताकतवर रहे है?



सत्ता की साझेदारी

उत्तर : फ्रेंच भाषी



सत्ता की साझेदारी

10. बेल्जियम को समाज की जातीय बनावट की दृष्टि से कितने भागों में बांटा जा सकता है।

सत्ता की साझेदारी

उत्तर : चार क्षेत्रों में –

(1) राजधानी क्षेत्र ब्रुसेल्स

(2) फ्रेंच भाषी क्षेत्र वेलोनिया

(3) डच भाषी क्षेत्र फ्लेमिश

(4) जर्मन भाषी क्षेत्र

सत्ता की साझेदारी

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी के विभिन्न रूप कौनसे से है?



सत्ता की साझेदारी

उत्तर : लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी के निम्न चार रूप विद्यामान है-

(1) एक ही सरकार के विभिन्न अंगों (कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका) के मध्य सत्ता का विभाजन

(2) सरकार के विभिन्न स्तरों (केन्द्र सरकार, राज्य और स्थानीय सरकार) के मध्य सत्ता का विभाजन

सत्ता की साझेदारी

(3) विभिन्न सामाजिक समूहों (धार्मिक, भाषायी पिछड़े और अल्प संख्यक समूह) के मध्य सत्ता का विभाजन

(4) विभिन्न राजनीतिक दलों, दबाव समूहों, किसानों औद्योगिक मजदूरों एवं आन्दोलनों के मध्य सत्ता का विभाजन।

सत्ता की साझेदारी

2. लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी क्यों जरूरी है?



सत्ता की साझेदारी

उत्तर : सत्ता की साझेदारी की आवश्यकता–

(1) सामाजिक समूहों के मध्य टकराव को कम करती है।

(2) यह लोकतंत्र की आत्मा है।

(3) समानता की पोषक व सभी के हितों की सुरक्षा।

(4) व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा ।

(5) स्थानीय स्वशासन का विकास ।

(6) योग्य एवं कुशल शासन व्यवस्था ।

सत्ता की साझेदारी

3. सत्ता की साझेदारी का क्या अर्थ हैं?



सत्ता की साझेदारी

उत्तर : सत्ता की साझेदारी अलग-अलग समूहों में सत्ता के बँटवारे की प्रक्रिया है। ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। लोकतंत्र का बुनियादी सिद्धान्त है कि जनता ही सारी राजनीतिक शक्ति का स्रोत है अतः विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच टकराव को टालने के लिए सत्ता में हिस्सेदारी दे देनी चाहिए।

सत्ता की साझेदारी

4. श्रीलंका में तमिलो की प्रमुख मांगे क्या थी?



सत्ता की साझेदारी

उत्तर : (1) तमिल भाषा को भी राजभाषा का दर्जा दिया जाये।

(2) शिक्षा व सरकारी सेवाओं में सिंहलियों के समान अवसर प्रदान किये जाये।

सत्ता की साझेदारी

5. विभिन्न सामाजिक समूहों के मध्य सत्ता के बंटवारे के कोई दो उदाहरण दीजिए।


सत्ता की साझेदारी

उत्तर : (1) बेल्जियम में सामुदायिक सरकार का गठन

(2) भारत में सामाजिक रूप से कमजोर समुदायों व महिलाओं को विधायिका एवं सरकारी सेवाओं में आरक्षण की व्यवस्था।

सत्ता की साझेदारी

6. बहुसंख्यकवाद से क्या तात्पर्य है? उदाहरण लिखिए।



सत्ता की साझेदारी

उत्तर : बहुसंख्यकवाद का आशय अल्पसंख्यकों की इच्छाओं और आवश्यकताओं की अवहेलना करते हुए बहुसंख्यक समुदाय को मनचाहे ढंग से शासन करने के अधिकार देने से है। उदाहरण - श्रीलंका जहां सिंहलियों का वर्चस्व है।

सत्ता की साझेदारी

7. श्रीलंका में कितने जातीय समूह के लोग रहते हैं?



सत्ता की साझेदारी

उत्तर : श्रीलंका में सिंहली, श्रीलंकाई मूल के तमिल, ईसाई तथा मुसलमान जातीय समुदाय रहते है।

